**राजस्थान सरकार**

# निदेशालय राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान, जयपुर

**क्रमांक**–एफ1(ए)49 / पार्ट–6 / संस्था / बीमा / 00379 / **6517** **दिनांकः यथा हस्ताक्षरित**

समस्त चयनित अभ्यर्थी, (पद–कनिष्ठ सहायक),
कनिष्ठ सहायक संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2024,
(संलग्न सूची अनुसार)

विषयः कनिष्ठ सहायक, संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2024 के लिए कनिष्ठ सहायक पद हेतु इस विभाग को आवंटित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज एवं स्वास्थ्य जांच के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत कनिष्ठ सहायक संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2024 के लिए प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर द्वारा कनिष्ठ सहायक के पद पर इस विभाग को आवंटित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने समस्त वांछित मूल दस्तावेज (परिशिष्ट 'अ' के अनुसार–पूर्ण स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि के 02 सेट सहित) एवं स्वास्थ्य जांच प्रमाण पत्र अपने जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्रमाणित करवाकर निम्नांकित सूची के अनुसार दिवसों एवं समयावधि में **निदेशालय, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, नेहरू सहकार भवन(चतुर्थ तल), 22 गोदाम, जयपुर स्थित मीटिंग हॉल** में उपस्थित होवें।

आपके द्वारा उक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर दिये जाने तथा उनका परीक्षण किये जाने के उपरान्त ही नियमानुसार नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा। आपको इस प्रयोजनार्थ कोई यात्रा व्यय अथवा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने की दिनांक एवं समय का विवरणः–

| RANK No. | दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने की दिनांक एवं समय | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 484 से 1088 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 29.09.2025 (10:00 AM to 01:00 PM) | 40 |
| 1097 से 1747 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 29.09.2025 (01:30 PM to 05:00 PM) | 40 |
| 1757 से 2227 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 01.10.2025 (10:00 AM to 01:00 PM) | 40 |
| 2231 से 3453 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 01.10.2025 (01:30 PM to 05:00 PM) | 40 |
| 3529 से 7058 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 03.10.2025 (10:00 AM to 01:00 PM) | 40 |
| 7130 से 7330 (गैर अनुसूचित क्षेत्र) | 03.10.2025 (01:30 PM to 05:00 PM) | 04 |
| 3672 से 7733 ( अनुसूचित क्षेत्र) | 03.10.2025 (01:30 PM to 05:00 PM) | 13 |

संलग्नः– 1. परिशिष्ट'अ' (चैक लिस्ट) एवं परिशिष्ट 'ब'

**अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)**

Signature valid

Digitally signed by Vibhu Kaushik
Designation : Additional Director
Date: 2025.09.24 21:09:59 IST
Reason: Approved

**परिशिष्ट 'अ'**

**चैक लिस्ट**

| क्र.सं. | मूल दस्तावेज मय पूर्ण स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि | विवरण (पृष्ठ संख्या) |
|---|---|---|
| 1. | सैकण्डरी अंकतालिका मय प्रमाण–पत्र | |
| 2. | सीनियर सैकण्डरी अंकतालिका मय प्रमाण–पत्र | |
| 3. | स्नातक अंकतालिका / डिग्री | |
| 4. | अधिस्नातक अंकतालिका / डिग्री | |
| 5. | अन्य योग्यता | |
| 6. | आधार कार्ड | |
| 7. | कम्प्यूटर योग्यता प्रमाण पत्र | |
| 8. | अन्तिम शैक्षणिक संस्थान (नियमित अध्ययनरत कोर्स) का चरित्र प्रमाण पत्र | |
| 9. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र(OBC/ST/SC/MBC/EWS) | |
| 10. | मूल निवास प्रमाण पत्र | |
| 11. | विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र / अविवाहित होने का शपथ पत्र | |
| 12. | अनापत्ति प्रमाण पत्र (राजकीय / केन्द्रीय / निगम / बोर्ड / स्वायत्तशासी संस्थान की सेवा मे कार्यरत कार्मिकों के लिये) | |
| 13. | खेल संबंधी प्रमाण पत्र (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) | |
| 14. | दिव्यांगजन अभ्यर्थी होने के संदर्भ में चयनित श्रेणी का प्रमाण पत्र | |
| 15. | परित्यक्ता (विवाह विछिन्न) संबंधी मूल डिक्री एवं विधवा श्रेणी के संबंध में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र | |
| 16. | अपने गृह जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / उच्च स्तर द्वारा प्रतिहस्ताक्षर / प्रमाणित मूल चिकित्सीय प्रमाण पत्र | |
| 17. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट एवं दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा आवेदक का चरित्र प्रमाण – पत्र | |
| 18. | भूतपूर्व सैनिकों के संदर्भ में आवश्यक दस्तावेज (यथा पी.पी.ओ, डिस्चार्ज बुक) | |
| 19. | एकल शपथ पत्र (डमी अभ्यर्थी प्रयुक्त नहीं किये जाने के संबंध में, दहेज नहीं लेने / देने संबंधी, 01.06.2002 के पश्चात् 02 से अधिक संतान होने / न होने के संबंध में, नियत वेतन पर कार्य करने की सहमति, संविधान संबंधी प्रतिज्ञा, दस्तावेज सही एवं सत्य होने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज न होने संबंधी एवं पुनर्विवाह संबंधी) (परिशिष्ट 'ब') | |
| 20. | पति अथवा पत्नी यदि पूर्व से ही सरकारी सेवा में हो तो इसका आवश्यक प्रमाण पत्र | |

Signature valid

Digitally signed by Vibhu Kaushik
Designation : Additional Director
Date: 2025.09.24 21:09:59 IST
Reason: Approved

परिशिष्ट–'ब'

(रू. 50/–के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर मुद्रित करवाकर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित–एकल शपथ पत्र)

मैं ..........................पुत्र /पुत्री श्री ..................................................................... निवासी ........................................ ...........................................................................................................................रोल नं.................................. कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2024 में कनिष्ठ सहायक के पद पर अभिस्तावित हुआ/हुई हूँ।

1. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2024 की पूर्ण प्रक्रिया में एवं अभिस्तावित पद हेतु निर्धारित मानदंडों के अन्तर्गत आवश्यक प्रमाण पत्रों के निर्माण हेतु स्वयं उपस्थित रहा/रही हूँ। मेरे द्वारा, मेरे स्थान पर उक्त भर्ती परीक्षा में किसी भी स्तर पर डमी अभ्यर्थी नहीं बिठाया गया/गयी है।
2. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा विवाह दिनांक ............................................को हुआ। विवाह के समय मेरे घरवालों ने न तो दहेज लिया हैं, न ही दहेज दिया है। अथवा मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा विवाह/पुर्नविवाह अभी तक नहीं हुआ है और भविष्य में जब भी होगा तब मैं या मेरे घरवाले ना तो दहेज लेंगे/ना ही दहेज देंगे तथा भविष्य में विवाह होने पर 01 माह में विभाग को अवगत करवाते हुये दहेज नहीं लेने/देने के संबंध में आवश्यक शपथ पत्र प्रस्तुत कर दूंगा/दूंगी।
3. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि वर्तमान में मेरे बच्चों की कुल संख्या..................है।
   यह है कि दिनांक 01.06.2002 तक एवं इसके पश्चात मेरे जीवित संतानों की संख्या निम्नानुसार है:–

| क्र0स0 | संतान का नाम | सम्बन्ध | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

4. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा विभाग में जो शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र प्रस्तुत किये है वह बिल्कुल सही एवं सत्य है।
5. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध किसी भी पुलिस थाने में कोई आपराधिक वाद/मुकदमा दर्ज नहीं है, जिसके प्रमाण स्वरूप मैंने सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पुलिस द्वारा सत्यापित चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया है यदि इसके बावजूद भी नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के संज्ञान में कोई आपराधिक वाद/मुकदमा दर्ज आता है, तो मेरी नियुक्ति समाप्त किए जाने का नियुक्तिकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा, जिसके लिए मैं प्रार्थी पूर्णरूप से जिम्मेदार रहूँगा/ रहूँगी।
6. मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मैं उक्त पद हेतु नियत वेतन पर कार्य करने की अपनी सहमति देता/देती हूँ।
7. मैं ........ शपथ लेता हूँ/लेती हूँ सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि भारत और विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और सच्ची निष्ठा रखूंगा/रखूंगी, मैं भारत की प्रभुता और अखण्डता अक्षुण्ण रखूंगा/रखूंगी तथा मैं अपने पद के कर्तव्यों का राजभक्ति, ईमानदारी और निष्पक्षता से पालन करूंगा/ करूंगी।
8. मैं शपथपूर्वक बयान करता/करती हूं कि मैं धुम्रपान एवं गुटखा का सेवन नही करता/करती हूँ और भविष्य में भी धुम्रपान व गुटखा का सेवन नहीं करूंगा/ करूंगी।

शपथकर्ता के हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की बिन्दु संख्या 1 से 8 सही व सत्य है। इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया हैं। ईश्वर साक्षी है।

स्थानः

दिनांकः

शपथकर्ता के हस्ताक्षर

Signature valid

Digitally signed by Vibhu Kaushik
Designation : Additional Director
Date: 2025.09.24 21:09:59 IST
Reason: Approved